अल्पकालीन निविदा/कुटेशन/नीलामी सूचना

सर्वसाधरण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृपाओं की माता मरियम उत्सव वर्ष 2026 में विभिन्न व्यवस्था बनाये जाने हेतु निम्न विवरण अनुसार दिनांक 29.10.2026 को निविदा/कुटेशन/नीलामी की कार्यवाही हेतु तिथि निर्धारित की जाती है। अतः आयकर व जी0एस0टी0 में पंजीकृत फर्म निम्न विवरण अनुसार निविदा/कुटेशन/नीलामी की कार्यवाही हेतु इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से 29.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक निविदा फार्म/कुटेशन फार्म/नीलामी पंजीकरण फार्म पालिका कार्यालय से प्राप्त करते हुए उक्त प्रकिया में भाग ले सकते है। उक्त दिनांक 29.10.2025 को निविदा/कुटेशन फॉर्म दोपहर 02:00 बजे तक पालिका कार्यालय के निविदा/कुटेशन बॉक्स में अपनी निविदा/कुटेशन दरें डाल सकते हैं तथा उक्त दिनांक 29.10.2026 को ही भूमि का आवंटन की नीलामी व पार्किंग ठेका नीलामी के लिए जी0एस0टी0 में पंजीकृत व्यक्ति ही दोपहर 03:00 बजे नीलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

क0स0	ठेके का नाम	जमानत राशि	अभ्युक्ति	अन्य विवरण
1	प्रकाश व्यवस्था	10,000 रू0	उक्तानुसार धरोहर की नकद अथवा एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सरधना के नाम बंधक हो निविदा/ कुटेशन फार्म प्राप्त करने के समय देनी अनिवार्य होगी।	पालिका शर्तोनुसार कार्य करना होगा।
2	साउण्ड व्यवस्था	5,000 रू0		
3	मेला क्षेत्र हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरे किराये पर लगाने का कार्य।	5,000 रू0		
4	मेल में टैन्टेज व्यवस्था,मचान व्यवस्था व बैरिकेटिंग व्यवस्थ कराने का कार्य	5,000 रू0		
5	मेला में विभिन्न प्रकार के दिशा–सूचक व अन्य सूचना हेतु फलैक्स बनवाने का कार्य ।	3000/–		
6	मेले में लगने वाली अस्थाई दुकाने आदि व भूमि का आवंटन नीलामी प्रक्रिया।	200000/–		
7	पार्किंग ठेका	5500/–		

नोट–

1–विद्युत व्यवस्था हेतु विद्युत सुरक्षा विभाग का लाईसेन्स होल्डर ही निविदा प्रकिया में प्रतिभाग कर सकता है।

2–मेले में भूमि आवंटन व पार्किंग ठेका हेतु जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र वाले व्यक्ति ही बोली में भाग लें सकते है।

3– मेले में लगने वाली अस्थाई दुकानें आदि व भूमि का आवंटन नीलामी प्रक्रिया में सरकारी बोली 5,00,000 रू0 जी0एस0टी0सहित है,उक्त सरकारी बोली से बोली प्रारम्भ होगी ।

4–मेले में पार्किंग ठेका हेतु सरकारी बोली 29,500 रू0 निर्धारित की गयी है,उक्त सरकारी बोली से बोली प्रारम्भ की जायेगी ,उक्त में जी0एस0टी0अथक से देय होगी जो अधिकतम बोलीदाता को जी0एस0टी0विभाग में चालान के माध्यम से जमा करते हुए कार्यादेश से पूर्व चालान की प्रति पालिका कार्यालय में जमा करानी अनिवार्य होगी ।

उपरोक्तानुसार निविदा /नीलामी प्रकिया में प्रतिभाग हेतु किसी भी पालिका कार्यालय दिवस में प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक अंकन अंकन 1000 रू0 + 180 रू0 जीएसटी कुल अंकन 1180 रू0 का पंजीकरण शुल्क तथा उपरोक्तानुसार धरोहर जमा कराकर बोली में भाग ले सकता है। प्राप्त निविदा/कुटेशन की तह दिनांक में दोपहर 02:30 बजे पर पालिका कार्यालय में खोले जायेगें व नीलामी प्रक्रिया दोपहर 03:00 बजे पालिका कार्यालय में की जायेगी।

उक्त के सम्बन्ध में समस्त शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा/कुटेशन दरों व नीलामी को बिना किसी कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार, अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांकः– 1259 न0पा0परि0स0/मेलाचर्च/2026–27 दिनांकः– 22/10/26

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्र0) महोदय/प्रभारी अधिकारी ,स्थानीय निकाय मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, सरधना।
4. सम्पादक दैनिक जागरण दैनिक भास्कर को इस आशय से कि उपरोक्त का सरकारी दर पर कम से कम स्पेस में प्रकाशन कर बिल समाचार पत्र की पांच प्रतियों सहित भुगतान हेतु पालिका में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. पालिका की वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

22/10/26

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with OKEN Scanner